## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे।**

- **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्तीय वर्ष 2025– 26 के बजट में किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही योजनाओं पर विशेष जोर देने का अधिकारियों को दिया निर्देश ।**

- **जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज को ह्यूमन मेटानयूमो वायरस की जांच के लिए कीट कराए गए उपलब्ध, कल से होगी संदिग्ध मरीजों की जांच।**
- **68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंडर–14 बालक बालिका एथलेटिक्स की रांची में हुई भाुरूआत, दे□ाभर के 35 टीम के नौ सौ प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा।**

*****************

### समाचार विस्तार से

आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है। श्री मोदी ने युवा और खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे का राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 और विकसित भारत युवा नेता संवाद पर लिखा एक लेख साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व को दिशा प्रदान करना है।

*****************

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। हर वर्ष बारह जनवरी को महान आध्यात्मिक गुरू, दार्शनिक और चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रंपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी विवेकानंद जी की जयंती पर कहा है कि भारतीय संस्कृति को विश्व में गौरव दिलाने वाले एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के विचार और आदर्श सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

*****************

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज सिमडेगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धाजंलि दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो संदेश दिया उसका युवा अनुपालन करे।

*****************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्तीय वर्ष 2025– 26 के बजट में किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि उनका विभाग किसानों के लिए हितकारी और कल्याणकारी योजना का बजट राशि बढ़ाने का काम करेगा, जबकि वैसी योजना जिससे किसानों को बहुत कम लाभ मिला है या जो योजना किसानों के लिए हितकारी साबित नहीं हुई हैं उसे ड्रॉप किया जाएगा।

*****************

खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर कर्रा अंचल कार्यालय सभागार में अवैध अफीम की खेती को रोकने और उसे नष्ट करने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

*****************

गिरिडीह जिले में डुमरी थाना की पुलिस ने 4 अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा है। कुलगो टोल प्लाजा में जांच अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध कोयला लदे ट्रक के साथ सात लोगो को गिरफ्तार किया।

*****************

जमशेदपुर में दृष्टि सेवा महा अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 मोतियाबिंद एवं आंसू नलिका की समस्या के रोगी चिन्हित किए गए। आनंद मार्ग के प्रवक्ता सुनील आनंद ने बताया कि इनका ऑपरेशन 13 एवं 16 जनवरी को निःशुल्क किया जाएगा।

*****************

रामगढ़ जिले के कुजू थाना क्षेत्र के मुरपा में कल हुए पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी का पुलिस ने जहां एनकाउंटर किया वहीं एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि एनकाउंटर में मारे गए अपराधी के विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।

*****************

देश भर में ह्यूमन मेटानयूमो वायरस के बढ़ते मामले को देख सरकार की ओर से जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैबोरेट्री को 90 जांच कीट उपलब्ध करा दिए गए है। कल से एचएमपीवी वायरस के संदिग्ध मरीजों की जांच शुरू हो जाएगी।

*****************

दुमका जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल मसानजोर में तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए रेशम कीट उत्पादन क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। यहां तसर रेशम कीट के प्रमुख पौधे **अर्जुन** का रोपण किया गया है।

*****************

स्वच्छता एवं प्रकृति को समर्पित आदिवासी समुदाय के पर्व सोहराय को लेकर जामताड़ा जिले में उमंग एवं उत्साह का महौल देखा जा रहा है।

*****************

पाकुड़ जिले में स्वास्थ सेवाएं दूरस्थ गांवो तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।
68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत अंडर –14 बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता की कल रांची में रंगारंग शुरुआत हुई। इस प्रतियोगिता में देश भर से आई 35 टीम के नौ सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है। इसमें सबसे अधिक एथलिट केरल राज्य के है। मेजबान झारखंड से इस प्रतियोगिता में 30 एथलिट शामिल हो रहे है।

*******समाप्त*********